## जमा होने पर दोबारा भेज दिया बिजली का गलत बिल

**जलालाबाद, अमृत विचार:** अल्हागंज क्षेत्र के गांव चौरसिया निवासी नन्हे ने बताया कि उन्होंने 30 जनवरी को बिजली का बिल जमा किया था। पूरा बिल जमा होने के बाद भी 12 फरवरी को उनके पास 3600 का बिल बिजली विभाग ने बनाकर भेज दिया, जो कि गलत व अवैध है ।उन्होंने इस संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात की, तो उन्होंने समाधान करने से कन्नी काट ली। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर बिल सुधार की मांग की और गलत बिल भेजना वाले कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग की।

## तीनों केंद्रों पर परीक्षा में शामिल हुए 43 परीक्षार्थी, बच्चों में दिखा उत्साह

# पहले दिन तीन केंद्रों पर हुआ ऐच्छिक विषय का पेपर

**सीबीएसई परीक्षाएं शुरू**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। पहले दिन शहर के तीन केंद्रों पर कॉमर्स पाठ्यक्रम से जुड़े वैकल्पिक विषय की परीक्षा हुई। इस ऐच्छिक विषय की परीक्षा में तीनों केंद्रों पर 43 परीक्षार्थी शामिल हुए। खास बात यह कि पहले दिन एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा।

जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि गुरुवार को इंटरप्रीनर्श परीक्षा शहर के तीन केंद्रों तक्षशिला पब्लिक स्कूल, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय केंद्र पर कराई गई।



तक्षशिला स्कूल में परीक्षा के बाद आपस में चर्चा करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



पेपर देने के बाद परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

तक्षशिला केंद्र पर 18, माधव राव सिंधिया स्कूल में नौ और केंद्रीय विद्यालय एक में 16 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया।



मदरसा परीक्षा के दौरान छात्रा का प्रवेश पत्र चेक करते सचल दल के सदस्य।

### मदरसा बोर्ड परीक्षाः सचल दलों ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर** । उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षाएं गुरुवार को भी सभी पांचों केंद्रों पर शांतिपूर्वक चलीं। कड़ी निगरानी के बीच चल रही परीक्षा में प्रथम पाली में पंजीकृत 842 परीक्षार्थियों में से 594 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 248 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में पंजीकृत 764 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 678 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए और 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोनों पाली में सकुशल संपन्न हुई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तिलहर एवं मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा का निरीक्षण किया, जबकि द्वितीय पाली में परीक्षा केंद्र एजेड खान इंटर कॉलेज एवं मदरसा जामिया फातिमा का सेक्टर मजिस्ट्रेट वरुण सिंह ने निरीक्षण किया। किसी भी केंद्र पर अभी तक कोई परीक्षार्थी नकल करते नहीं मिला है।

# रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा सदर तहसील का लेखपाल

## बरेली से आई एंटी करप्शन की टीम ने किया गिरफ्तार, रिपोर्ट

- विरासत दर्ज करने के नाम पर आरोपी लेखपाल ने लिए थे दो हजार रुपये
- आरोपी से रिश्वत में लिए दो हजार रुपये बरामद, तिलहर थाने में केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/ तिलहर

**अमृत विचार :** बरेली से आई एंटी करप्शन की टीम ने विरासत दर्ज करने के बदले युवक से दो हजार रुपये की रिश्वत लेते सदर तहसील के लेखपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को तिलहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। जहां आरोपी लेखपाल के खिलाफ तिलहर थाने में केस दर्ज कराया गया है।

रोजा के मोहल्ला टोनी निवासी शेरू पुत्र श्रीकृष्ण ने बरेली स्थित एंटी करप्शन कार्यालय में लेखपाल के खिलाफ शिकायत की थी। उसने बताया था कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल अरविंद अग्निहोत्री ने उससे विरासत दर्ज करने के नाम पर 5000 रुपये बतौर रिश्वत मांगे हैं। उसने पहली किस्त के रूप में 3000 रुपये दे दिए। दो हजार रुपये और देने हैं। बाकी रुपये देने के लिए गुरुवार की तारीख लेखपाल ने तय की है। शिकायत के बाद एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछा दिया। गुरुवार दोपहर एंटी करप्शन के सीओ यशपाल सिंह के नेतृत्व में आठ लोगों की टीम शेरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के कहलिया रोड स्थित बादशाह नगर पहुंची। पीड़ित ने लेखपाल के हाथ में दो हजार रुपये दिए, जो उसने जेब में रख लिए। इसी बीच एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ आरोपी को धर दबोचा। लेखपाल से दो हजार रुपये बरामद हो गए हैं। टीम आरोपी लेखपाल को अपने साथ तिलहर थाने ले गई। जहां उसे हवालात में बंद कर दिया गया। एंटी करप्शन के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि लेखपाल जमीन की विरासत दर्ज करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा है। जिसके आधार पर उन्होंने यहां कार्रवाई की और लेखपाल रंगेहाथ पकड़ लिया।



तिलहर कोतवाली में आरोपी लेखपाल से पूछताछ करते पुलिस वाले। ● अमृत विचार

> लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को एंटी करप्शन की टीम अपने साथ ले गई है। उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई है। - झानेंद्र नाथ, एसडीएम सदर

### जिले में पहले भी रिश्वत लेते पकड़े जा चुके हैं लेखपाल

**शाहजहांपुर** । जिले में लेखपालों के रिश्वत लेते पकड़े जाने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई लेखपाल रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़े जा चुके हैं। कभी बारिसान प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर तो कभी जमीन में नाम पर दर्ज करने के नाम पर लेखपाल रिश्वत लेते रहे हैं। यह रिकार्ड तो सिर्फ उन मामलों का है जिनमें लेखपाल पकड़ गए। तमाम मामलों में तो लेखपाल रिश्वत ले भी लेते हैं और किसी को पता भी नहीं चलता है।

**केस- एक**

जलालाबाद के मोहल्ला खेड़ा निवासी विषम पाठक ने लेखपाल धनवीर यादव के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि गंगा एक्सप्रेस वे के लिए अधिग्रहीत जमीन के संबंध में रिपोर्ट के लिए लेखपाल 25 हजार की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने 15 हजार रुपये देने की भी बात की थी। उनकी शिकायत पर 13 सितंबर 2023 को लखनऊ से आयी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जलालाबाद तहसील में लेखपाल को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा था। जिस समय टीम पहुंची थी उस वक्त एसडीएम व तहसीलदार तहसील में नहीं थे।

**केस- दो**

रामसरन पुरी नाम के किसान ने लेखपाल हरिविलास सिंह पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। किसान ने कहा था कि जमीन की श्रेणी बदलने को लेकर लेखपाल किसान से दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था। रिश्वत न देने पर लेखपाल किसान को श्रेणी नहीं बदलने की धमकी दे रहा था। परेशान हाल किसान ने लेखपाल की शिकायत एंटी करप्शन से की थी। इसके बाद सात अप्रैल 2018 को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था।

**केस- तीन**

देवकली गांव निवासी किसान सुखपाल से वारिसान प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर 5000 रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। इसके बाद उन्होंने एंटी करप्शन कार्यालय में शिकायत की थी। इस पर 21 जून 2022 को सदर तहसील में तैनात लेखपाल उत्कर्ष वर्मा को एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते पकड़ा था।

## 2809 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**शाहजहांपुर।** पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर वर्ष 2023 में पत्नी-पत्नी के पारिवारिक विवाद के 2959 मामले आए थे, जिसमें 2809 मामलों का निस्तारण किया गया। पूर्व में चल रहे परिवारों के पुर्नस्थापित प्रकरणों में विगत छह माह से अधिक समय सफलता पूर्वक व्यतीत करने वाले पति-पत्नी को पुलिस परामर्श केंद्र में आमंत्रित कर आपसी सौहार्द को बनाए रखने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। एएसपी सिटी संजय कुमार ने कहा कि पति-पत्नी सकुशल जीवन यापन कर रहे है। गोष्ठी में परामर्श केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

# जलभराव से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, कांट

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) ने बस स्टैंड परिसर में किसान पंचायत का आयोजन किया। जिसने यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए और नारेबाजी की। किसान पंचायत में पहुंचे नायब तहसीलदार आशीष सक्सेना को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें मांग की गई कि आवारा गोवंश को गोशाला भिजवाया जाए। ब्लॉक ददरौल के ग्राम अलियापुर मेंमें जगह जगह जलभराव है, जिससे आना जाना बंद है। इस समस्या का समाधान कराया जाए। रावतपुर से टांडा पर्वतपुर रोड की मरम्मत की जाए और रोड लाइट का प्रबंध किया जाए, थाना कांट में भ्रष्टाचार को रोका जाए ,जिले की सभी नहरों में पानी छोड़ा जाए, के आर पेपर मिल का प्रदूषण एवं गंदा पानी को रोका जाए, गांव देवरिया झाले में तैनात सफाई कर्मी के मानदेय का भुगतान किया जाए। इन सभी मांगों पर नायब तहसीलदार आशीष ने जल्द से जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता फिरोज खान, महानगर अध्यक्ष किरण, किन्नर महासभा जिला अध्यक्ष गुड़िया सहित व अन्य लोग बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू जिलाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह यादव।

# राजकीय पॉलिटेक्निक महिला छात्रावास का निर्माण रुका

**धन का अभाव**

- डीएम की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को 50 लाख व उससे अधिक लागत की परियोजनाओं संबंधी समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम ने एक करोड़ व उससे अधिक लागत वाली सड़क निर्माण संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में यूपी सिडको की ओर से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत बताया कि ध्वस्तीकरण के प्रस्ताव की अनुमति मिल गई है। जर्जर भवन ध्वस्त करने का टेंडर निकालने की प्रक्रिया चल रही है। राजकीय पॉलिटेक्निक महिला छात्रावास का निर्माण धनाभाव के कारण बंद है। डीओ लेटर भेज दिया गया है। यूपीआरएनएसएस की ओर से बताया गया कि वृहद गोसंरक्षण केंद्र आलमपुर व दोषपुर के लिए प्रक्रिया चल रही है। राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के मुख्य भवन व मल्टीपरपज हॉल के कार्य के लिए निविदा निकालने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। सीएनडीएस की ओर से अग्निशमन केंद्र के भवन का निर्माण धनाभाव के कारण कार्य प्रगति बहुत धीमी है।

नगर निगम कार्यालय निर्माण में डीएम ने तेजी लाने के निर्देश दिए। पीएम सड़क योजना के तहत गठित कमेटी को डीएम ने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट दें। डीएम ने कहा जो कार्य पूरे हो चुके हैं उनको हस्तांतरित किया जाए। इस दौरान सीडीओ एसबी सिंह सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।





कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी।

## नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर,

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह ने रोजा टिक्कल व रोजा बल्लिया स्थित अंत्येष्टि स्थल योजना के तहत निर्मित अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। टिक्कल स्थित अंत्येष्टि स्थल व शौचालय की विशेष सफाई कराए जाने के लिए निर्देश जारी किए। अंत्येष्टि स्थल की बाउंड्रीवाल की रंगाई-पुताई कराए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर आयुक्त ने रोजा बल्लिया स्थित नव निर्मित अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। जहां दाह-संस्कार स्थल के पास प्लास्टर क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसको तत्काल ठीक किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही पूरे परिसर में विशेष सफाई व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, अवर अभियंता सिविल मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



दाह संस्कार स्थल का निरीक्षण करते नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह।

## ई-लॉटरी से होगा किसानों का चयनः डीडी कृषि

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कृषि विभाग की यंत्रीकरण योजना प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत किसानों को अनुदान पर यंत्र उपलब्ध कराए जाने हैं। किसानों को योजना का लाभ ई-लॉटरी के माध्यम से मिलेगा। साल 2024-25 के लिए अनुदान पर सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, श्रबमास्टर, पैडी स्ट्रा चापर, श्रेडर, मल्चर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ, बेलीग मशीन, क्रॉप रीपर, स्ट्रा रेक, रीपर कम बाइंडर के लिए 14 से 28 फरवरी तक बुकिंग की जा रही है। लाभार्थियों का चयन ई- लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

## 56 हजार किसानों की सम्मान निधि पर मंडराया खतरा

- ई-केवाईसी नहीं कराई तो रुक जाएगी 16वीं किस्त
- जिले में 56 हजार किसान योजना के लाभ से वंचित
- किसी की ई-केवाईसी नहीं तो किसी की डीबीटी इनेबल नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिले के लगभग 56 हजार किसानों की सम्मान निधि पर खतरा मंडरा रहा है।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के चार लाख 70 हजार 839 किसान लाभ ले रहे हैं। इसके अंतर्गत हर चार महीने में 2-2 हजार रुपये की किस्त दी जाती है, यानी सालाना कुल 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद पात्र किसानों को मिलती है। इसी कड़ी में बीती 15 नवंबर को 15वीं किस्त जारी की गई, लेकिन जिले के लगभग 56 हजार किसानों को यह किस्त नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि निधि देने को लेकर रोज नए-नए नियम लागू कर दिए जाते हैं। कभी केवाईसी कराने को कहा जाता है तो कभी जमीन का सत्यापन कराने के लिए कहा जाता है। अब तो बिलकुल नया नियम निकाल दिया गया है कि डीबीटी इनेबल नहीं है। डीबीटी इनेबल कराने की जरूरत आखिर क्यों पड़ रही है। जबकि कई बार किसानों को डीबीटी इनेबल कराए बिना ही निधि का पैसा मिला है, अब डीबीटी इनेबल कराए बिना पैसा नहीं दिया जा रहा है। ज्यादातर किसान पढ़े-लिखे नहीं है। वह नहीं जानते कि उन्हें डीबीटी कैसे इनेबल करानी है। ऐसे में वह बिचौलियों के चक्कर में पड़ जाते हैं और जितनी निधि मिलती है उसका एक हिस्सा बिचौलिए खा जाते हैं। निधि मिलने के बाद भी किसान के हाथ कुछ नहीं आता है। किसानों में नए-नए नियमों को लेकर नाराजगी है।

### 21 तक करवा सकते हैं ई-केवाईसी

उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि किसान ई-केवाईसी करा लें ताकि उन्हें किसान सम्मान निधि का पैसा दिया जा सके। किसान अपने नजदीकी जनसेवा पर जाकर 21 फरवरी तक ई-केवाईसी करवा सकते हैं। कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों से भी संपर्क किया जा सकता है। डीडी कृषि ने बताया कि जिन कृषकों की ओर से ओपेन सोर्स के माध्यम से आवेदन किया गया है वह अपने आवेदन को संबंधित तहसील और जनपद स्तर पर प्रपत्र व घोषणा पत्र देकर करा सकते हैं।

## जन-जन को योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य



महिलाओं को फल की टोकरी देते भाजपा विधायक चेतराम व सीएमओ आरके गौतम।

- सीएमओ बोले- लाभार्थियों को चिह्नित कर आयुष्मान कार्ड बनाएं
- बंडा सीएचसी परिसर में लगे स्वास्थ्य मेले में दी जानकारी

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर दवाइयां दी गईं। मुख्य अतिथि रहे विधायक चेतराम ने फीता काटकर मेला आरंभ किया।

इस दौरान विधायक चेतराम ने कहा कि सरकार की आयुष्मान कार्ड एक महत्वपूर्ण योजना है। प्रदेश सरकार से संबद्ध अस्पतालों में आयुष्मान धारक के मुफ्त इलाज के लिए सरकार पैसा देती है। गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार उनके अभिभावकों के खातों में धनराशि भेजती है। सीएमओ आरके गौतम ने कहा कि क्षेत्र के लाभार्थियों को चिह्नित करके उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। केंद्र सरकार की सभी योजनाएं लाभप्रद है। हमें जन जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सीएमओ ने कहा कि जिले में 71 प्रतिशत कार्ड बनाए जा चुके हैं। मेले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, टीबी मुक्त भारत अभियान, छाया ग्राम शहरी एवं पोषण, नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ कैंसर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, समग्र शिक्षा अभियान, आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, बाल विकास परियोजना के स्टालों पर जाकर लोगों ने मुफ्त परीक्षण कराया और दवाइयां लीं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके वर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को धन्यवाद दिया। ब्लॉक प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश, शैलेश वैश्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा व स्वास्थ्यकर्मी राजीव शुक्ला रहे।

# डीआरएम ने स्टेशन पर निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** डीआरएम राजकुमार सिंह ने रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि प्लेटफाम पर हो रहे कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने द्वितीय प्रवेश परिसर में बन रहे दोनों पुलों का भी निरीक्षण किया।

डीआरएम राजकुमार सिंह गुरुवार की सुबह नौ बजे निरीक्षण कार से मुरादाबाद से विंडो निरीक्षण करते हुए स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म दो और तीन हो रहे निर्माण कार्य को देखा। प्लेटफार्म दो व तीन को ऊंचा किया जा रहा है। डीआरएम ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लायी जाए। क्यों कि निर्माण कार्य को लेकर ट्रेनों को प्लेटफार्म चार पर लिया जा रहा है। प्लेटफार्म पर फुट ओवरब्रिज के लिए बनाए जा रहे पिलर को देखा। डीआरएम ने मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार परिसर में बन रहे फुट ओवरब्रिज व स्लेप ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन कार्य का रोज निरीक्षण किया जाए।

स्टेशन पर सफाई व्यवस्था को भी देखा। डीआरएम आधे घंटे बाद बालामऊ के लिए रवाना हो गए। निरीक्षण के समय एसएस पीएस तोमर, स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते डीआरएम राजकुमार सिंह। ● अमृत विचार

- मुरादाबाद से बालामऊ तक किया विंडो निरीक्षण डीआरएम राजकुमार सिंह गुरुवार को शाहजहांपुर पहुंचे
- प्लेटफार्म पर फुट ओवरब्रिज के लिए बनाए जा रहे पिलर को देखा और स्लेप ब्रिज का भी निरीक्षण किया

### निरीक्षण कार का ब्रेकशूज जाम से मचा हड़कंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीआरएम राजकुमार सिंह के निरीक्षण कार के ब्रेक शुज जाम हो जाने से धुंआ निकलने पर रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कैरिज विभाग के कर्मचारियों ने ब्रेक शुज को सही किया। डीआरएम राजकुमार सिंह गुरुवार की सुबह नौ बजे मुरादाबाद से विंडो का निरीक्षण करते हुए आ रहे थे। बंथरा रेलवे स्टेशन से डीआरएम निरीक्षण कार गुजर रही थी। निरीक्षण कार के एक पहिया ब्रेकशुज जाम हो जाने से धुंआ निकलने लगा। रेल कर्मचारी ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। निरीक्षण कार प्लेटफार्म पर स्टार्टर सिग्नल के पास रोक दी गई। कैरिज विभाग के कर्मचारी उपकरण लेकर निरीक्षण कार के पास पहुंचे। उन्होंने देखा कि ब्रेकशूज जाम हो गया था। कर्मचारियों ने कुछ देर बाद ठीक कर दिया। कर्मचारियों ने अधिकारियों को बताया कि ब्रेकशुज ठीक हो गया। उसके बाद निरीखण कार रवाना हुई।

### चेन पुलिंग से यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गुरुवार की दोपहर साढ़े 12 बजे मालगाड़ी स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर खड़ी थी। पूछताछ कार्यालय से एनाउंस हुआ कि लखनऊ की ओर जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस प्लेटफार्म दो पर आ रही है। प्लेटफार्म एक से यात्री फुट ओवरब्रिज से होकर प्लेटफार्म दो पहुंच गए। यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। प्लेटफार्म के स्टार्टर सिग्नल से काफी पहले यात्रियों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी। यात्रियों को पता नहीं था कि चेन पुलिंग हो गई है। यात्री निर्माणधीन ऊबड़-खाबड़ प्लेटफार्म पर दौड़ लगाते हुए ट्रेन पकड़ने के लिए पीछे दौड़ पड़े। यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। कैरिज विभाग के कर्मैचारियों ने वैक्यूम सिस्टम को ठीक किया और ट्रेन आगे बढ़कर आयी। लोगों ने कहा कि ट्रेन आगे आकर रुकेगी।



आठवीं पुण्यतिथि
(16 फरवरी 2016)
स्व. श्रीमती मीना जौहरी
'जीवन की गाड़ी तो अपनी गति से चलती रहेगी
लेकिन हमारे बीच आपकी कमी हमेशा खलती रहेगी।।'
-: श्रद्धावनत :-
गोपाल नारायण जौहरी (पति), विशाल-मोनिका, दिव्यांश-रीतिका (पुत्र-पुत्रवधु), दीपाली-सत्येन (पुत्री-दामाद), पर्व, झिलमिल (धेवते, धेवती), रूनझुन, अन्वी, मान्यु, आन्या (पौत्र-पौत्री) मो. 8868871866, 8445583211
19, तिरूपति विहार कालोनी, नेकपुर, बदायूं रोड, बरेली

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


## महाविद्यालय बनने के साथ 1947 में हुई थी लाइब्रेरी की स्थापना, 63000 पुस्तकें मौजूद, शिक्षकों व जिले के साहित्यकारों का साहित्य भी मौजूद

# 77 साल की उम्र में भी दुर्लभ चीजों का ज्ञान करा रही गांधी फैज ए आम की लाइब्रेरी

अजय अवस्थी, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गांधी फैज-ए-आम कॉलेज (जीएफ कॉलेज) की लाइब्रेरी 77 साल पुरानी हो चुकी है। यहां लगभग 63 हजार पुस्तकें महफूज हैं, जो विभिन्न विषयों और भाषाओं में हैं। बड़ी संख्या में दुर्लभ पांडुलियां (हस्तलिखित पुस्तकें) भी हैं, जिन्हें विशेष रूप से तैयार कराई गईं शीशा जड़ित मेजों पर इस प्रकार सजाया गया है, जो लोगों की नजरों के समक्ष बनीं रहें। रोशनी के लिए मेजों पर लाइटिंग भी कराई गई है। यह लाइब्रेरी कॉलेज के संस्थापक खान बहादुर फजलुर्रहमान खां के नाम पर स्थापित की गई है।

खान बहादुर फजलुर्रहमान खां ने आजादी की लड़ाई के दौरान महात्मा गांधी से प्रभावित होकर उन्हीं के नाम पर डिग्री कॉलेज की स्थापना कराई थी। यह महाविद्यालय आसपास के जनपदों में एक मील पत्थर बन चुका है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है। यहां की लाइब्रेरी भी उतनी ही समृद्ध और पूर्णतया कंप्यूटराइज्ड है। पुस्तकालय अध्यक्ष सैयद अनीस अहमद की देखरेख में चल रही लाइब्रेरी का लाभ हजारों बच्चे और शिक्षक उठा रहे हैं।

सैयद अनीस अहमद बताते हैं कि किसी भी छात्र अथवा शिक्षक को कोई पुस्तक प्राप्त करने के लिए अब रजिस्टर के पन्ने नहीं पलटने पड़ते हैं, बल्कि एक क्लिक करते ही संबंधित विषय की पुस्तकों की पूरी सूची सामने आ जाती है। उसका क्रमांक और अलमारी नंबर बताने पर पुस्तक मिल जाती है। यदि किसी छात्र को जरूरत की पुस्तक नहीं मिल पाती है, तो वह रिकमंडेशन रजिस्टर में दर्ज कर देता है, महाविद्यालय की ओर से लगभग एक माह में संबंधित पुस्तक उपलब्ध करा दी जाती है। इस पुस्तकालय में बड़ी संख्या में जर्नल्स, कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं जिले के लेखकों की पुस्तकें भी रिकॉर्ड में दर्ज हैं। साथ ही उर्दू, फारसी, अरबी, हिंदी, अंग्रेजी, परसियन जैसी भाषाओं के शब्दकोश भी मौजूद हैं। पुस्तकालय में लगभग 200 साल पुरानी पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। जो काफी दुर्लभ मानी जाती हैं। यहां लगभग 3 गुणा 2 इंच का बहुत छोटा कुरान शरीफ भी है। यहां धार्मिक पुस्तकों की भी बहुतायत है।



जीएफ कॉलेज में बना पुस्तकालय का भवन। ● अमृत विचार



छात्र को पुस्तकों के बारे में जानकारी देते पुस्तकालय अध्यक्ष सैयद अनीस अहमद।



शीशा जड़ित मेज पर रखीं दुर्लभ पांडुलिपियां। ● अमृत विचार



जीएफ कॉलेज की लाइब्रेरी में मौजूद पांडुलिपि।



सबसे छोटी कुरान।

### कॉलेज की लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में मौजूद हैं पांडुलिपियां

जीएफ कॉलेज की लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में ऐसी पांडुलिपियां हैं, जो बहुत दुर्लभ बताई जा रही हैं। इनकी संख्या भी अच्छी खासी है। इन पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने के लिए कॉलेज प्रबंधन ने बाकायदा बड़ी-बड़ी मेजें बनवा रखी हैं, जिनके ऊपरी भाग में मोटे-मोटे शीशे लगवाए गए हैं, जिससे मेजों के अंदर सजाई गईं दुर्लभ पांडुलिपियों को आसानी से बिना हाथ में उठाए देखा जा सके। इन मेजों में पांडुलिपियों को खोलकर सजाया गया है। यह मेजें पुस्तकालय की लॉबी में रखी गई हैं। खास बात यह भी है कि इन पांडुलिपियों की राइटिंग यानि लेख इतना खूबसूरत है कि एक बार को लगता ही नहीं है कि यह हाथ की लिखाई होगी। मशीनों की प्रिंटिंग भी इनके आगे फेल लगती है।



जीएफ कॉलेज के संस्थापक खान बहादुर फजलुर्रहमान खां के नाम पर स्थापित लाइब्रेरी उतनी ही प्राचीन है, जितना कॉलेज का इतिहास है। लगभग 63 हजार पुस्तकों से समृद्ध लाइब्रेरी का लाभ हजारों विद्यार्थी उठा रहे हैं, जिनमें थीसिस लिखने वाले लोग भी शामिल हैं। लाइब्रेरी कंप्यूटराइज्ड है। यहां बच्चों को अध्ययन के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। ताकि किसी को कोई व्यवधान न पड़े।

**- डॉ. मोहम्मद तारिक**
प्राचार्य जीएफ कॉलेज

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ताजूखेल निवासी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि 11 फरवरी की रात उनके रिश्तेदार हिमांशु राना निवासी मेरठ कार से मेरठ जा रहे थे। वरतारा गांव के निकट ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि कार का एअर बैग न खुलता तो उनकी जान जा सकती थी। चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### गर्भवती को निजी अस्पताल ले गई आशा वर्कर

**कलान।** गांव धर्मपुर नई बस्ती निवासी संदीप ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि आशा वर्कर उनकी पत्नी ज्ञानवती को प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र ले गई। पीएचसी पहुंचने पर आशा वर्कर ने कह दिया कि यहां कोई व्यवस्था नहीं है। चलो प्राइवेट अस्पताल में प्रसव करा देंगे। आशा वर्कर के झांसे में आकर उनकी पत्नी प्रसव के लिए वहीं एक प्राइवेट अस्पताल में चली गई। आरोप लगाया कि आशा वर्कर ने उससे 10 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से आशा वर्कर के खिलाफ कार्रवाई कर उसके रुपये लौटाए जाने की मांग की है।

### रंजिशन महिला को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरानगर कॉलोनी निवासी नगमा ने बताया कि मंगलवार शाम पांच बजे मोहल्ले के अरबाज आदि उसके घर में घुस गए और अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपियों ने नगमा को पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने अरबाज, सलमा, इनाम के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव वाराकला निवासी सुखराम ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रजनी की शादी चार वर्ष पहले फर्रुखाबाद के थाना कंपिल के हरकरनपुर निवासी किताब सिंह के साथ की थी। सुखराम ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। मगर ससुराल वाले दहेज को लेकर आए दिन रजनी को पीटने लगे और मायके से बोलेरो गाड़ी लाने की मांग करने लगे। गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने पर 14 फरवरी को रजनी को घर से निकाल दिया। जानकारी मिलने पर वह हरकरनपुर गये और पुत्री को अपने घर ले आया। पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर दहेज लोभियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में थाना पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# हाईटेंशन लाइन के झूलते तारों ने ले ली बुजुर्ग की जान

## बरसीम भरी बोरी सिर पर रखकर घर लौट रहे थे रामनाथ, रास्ते में बोरी बिजली के तारों से छू जाने पर लगा था करंट

कार्यालय संवाददाता
शाहजहांपुर/जलालाबाद

**अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन के लटकते तार एक बुजुर्ग के लिए काल बन गए। बुजुर्ग के सिर पर रखी चारे से भरी बोरी हाईटेंशन लाइन से टकराने पर उसमें करंट दौड़ गया। इससे करंट लगने पर बुजुर्ग बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना का पता लगने पर प्रशासन और पॉवर कार्पोरेशन के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। मृतक के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा की है। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने इस मामले की जांच अधिशासी अभियंता जलालाबाद मुदित सोनकर को सौंपी है। जांच के बाद दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव उवरिया निवासी 60 वर्षीय रामनाथ गुरुवार सुबह खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। दोपहर लगभग 12 बजे वह बरसीम काटने के बाद बोरी में भरकर घर लौट रहे थे। बोरी उनके सिर पर रखी थी। गांव के पश्चिम तालाब के किनारे सत्यपाल के खेत की मेढ़ के पास 33000 केवी की लाइन के तार ढीले होने की वजह से काफी नीचे लटक रहे थे। वहां से गुजरते समय रामनाथ के सिर पर रखी बरसीम भरी बोरी हाइटेंशन लाइन से टच हो गई, हतससे उसमें करंट फैल गया। करंट लगने से रामनाथ बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लोगों को हुई तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

इस घटना की सूचना बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों और प्रशासन को दी गइ्र। सूचना मिलते ही कोतवाल हरपाल सिंह बालियान मौके पर जा पहुंचे। जलालाबाद तहसीलदार पैगाम हैदर ने राजस्व टीम के साथ मौका मुआयना किया। उन्होंने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचना दी। तहसीलदार ने बताया कि मृतक के आश्रितों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने के लिए घटना की रिपोर्ट तैयार करके बिजली विभाग को भेजी जाएगी। बिजली विभाग से मृतक आश्रितों को 5 लाख की आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया मृतक भूमिहीन है। इसलिए यह सहायता बिजली विभाग की लापरवाही को दोषी मानते हुए उनसे दिलवाई दी जाएगी।



विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार



घटना के बाद मौके पर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

- तहसीलदार ने किया मौका मुआयना, परिवार को 5 लाख रुपये दिलाने का भरोसा दिया
- अधीक्षण अभियंता ने मामले की जांच अधिशासी अभियंता जलालाबाद को सौंपी



मृतक रामनाथ

घटना की जानकारी हुई है। तारों को काफी दिन पहले ऊंचा किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। ऐसा क्यों हुआ और किसकी लापरवाही से घटना हुई इसकी जांच के लिए ईई जलालाबाद को निर्देश दिए हैं। जिसकी भी गलती होगी उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**- जेपी वर्मा**, अधीक्षण अभियंता।

लगभग डेढ़ महीना पहले बिजली के तारों को ऊपर उठाने का काम किया जाना था। इसके लिए लगभग 72 लाख रुपये का ठेका दिया गया था। मौके पर काम कराने के लिए ठेकेदार गया भी था, लेकिन ग्रामीणों ने खेत में गेहूं की फसल खड़ी होने की बात कहते हुए रिकंडक्टरिंग का काम नहीं होने दिया। घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-मुदित सोनकर**, अधिशासी अभियंता जलालाबाद

### प्रधान बोले- जमीन से पांच फिट ऊंचाई पर झूल रहे तार, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

ग्रामीणों ने बताया रामनाथ की थोड़ी सी जमीन थी, जो गंगा एक्सप्रेस-वे में चली गई। घर में उसकी पत्नी जयंती है। उसके संतान कोई नहीं है। बड़े भाई खेमकरन दिव्यांग हैं। घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान उमेश पाल कुशवाहा ने बताया तार इतने ढीले हैं कि खेत की जमीन से 5 फीट की दूरी तक लटकते हैं। विभाग की इस लापरवाही के लिए कई बार ग्रामीणों की सहायता से उन्होंने शिकायत की, लेकिन बिजली विभाग में तार ऊंचे उठाने का कोई काम नहीं किया। बिजली विभाग की लापरवाही से एक जान चली गई। ग्रामीण राजेश पाल ने बताया बिजली के तार गर्मियों में जमीन के चार फीट तक नीचे आ जाते हैं, जिससे गांव के लोग उधर खेती करने जाने से बचते हैं। मगर बिजली विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण बिजली विभाग की लापरवाही को कोसते नजर आए। जानकारों के अनुसार बिजली की लाइन के तार जमीन से कम से कम 25 फीट ऊपर होनी चाहिए थी।

### रंजिशन दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कालोनी निवासी रिजवान ने बताया कि छह फरवरी की शाम वह मोहल्ले में एक दुकान से सामान खरीद रहे थे। मोहल्ला आईटीआई कालोनी के सोनू अपने साथियों के साथ कार से आए और कार से उतरकर गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर भाई इरफान आ गया। इरफान बचाने लगा, तो उसे भी मारा पीटा। आरोप है कि आरोपी सोनू ने तमंचे की बट से रिजवान के सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे रिजवान घायल हो गया। आरोपियों ने धमकी दी कि मुकदमा दर्ज कराया तो जान से मार देंगे। आरोपी धमकी देते हुए कार से भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। सीओ अमित चौरसिया ने बताया कि रोजा थाना में सोनू, विपिन, दीन मोहम्मद, मोहम्मद याकूब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### धमकी देने पर दर्जन भर लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोदीपुर निवासी रुकैया ने बताया कि 10 जनवरी को शाम पांच बजे उसके पिता मो. अनीस घर आ रहे थे। वह पुत्तन की चक्की के सामने पहुंचे तो मोहल्ले के तसदद्दुक ने उसके पिता को रोक लिया। आरोपियों ने कहा कि झूठे मुकदमे क्यों लिखवाते हो, जो मुकदमे लिखाए हैं, वो वापस ले लो। वरना अपने रिश्तेदार से मरवा दूंगा। आरोपियों ने उसके पिता के दो हरे पेड़ जबरन काट लिए थे, जिसकी शिकायत करने पर रंजिश मानने लगे थे। रोजा पुलिस ने आरोपी तसदद्दुक, युनुस, आमिर, खालिद, सगीर, इमरान, नन्हे समेत एक दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## चोरी के आरोप में तीन किशोर पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी के मामले में तीन किशोर हिरासत में लिए हैं, जिनसे पूछताछ जारी है।

क्षेत्र के मोहल्ला मठिया कालोनी निवासी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वह अपनी बहन वीना सिंह के यहां रहता है। वह टेंपो चलाता है। उन्होंने एक फरवरी को टेंपो रात आठ बजे घर के बाहर खड़ा कर दिया। घर के बाहर दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। वह अगले दिन सुबह छह बजे उठे तो देखा कि टेंपो के तीन पहिए और घर के बाहर लगे दो सीसीटीवी कैमरे गायब है। उन्होंने थाने पर सूचना दी। पुलिस मौका मुआयना करके चली गई थी। वह कई दिन तक टेंपो के तीनों पहिये और दोनों कैमरे की तलाश करता रहा। चोरी गए सामान और न ही चोरों का पता लगा। अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग को गिरफ्तार किया है। चोरी का माल भी बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों नाबालिग हैं। चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कंबाइन से गाय को किया घायल

**बंडा:** गांव उबरिया निवासी पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि उसी के गांव के एक युवक ने अपनी कंबाइन से छुट्टा घूम रही गाय को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने थाने में तहरीर देकर कंबाइन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लापता आई केयर संचालक पीलीभीत रिश्तेदारी में मिला

**खुटार, अमृत विचार :** पिछले नौ दिनों से लापता बिंदु आई केयर संचालक अवनीश पीलीभीत में सकुशल मिल गया। रुजहा कलां निवासी परशुराम वर्मा का पुत्र अवनीश सात फरवरी को लापता हो गया था। परिजनों ने खोजबीन की थी। आठ फरवरी को परशुराम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि अवनीश ने किसी के मोबाइल फोन से रिश्तेदार के एक युवक को फोन किया था। लोकेशन ट्रेस होने पर परिजनों को सूचना दी। परिजनों को जनपद पीलीभीत में अवनीश मिल गया।

# टेंट हाउस की दुकान में अचानक लगी आग, लाखों का सामान जला

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** नगर के अस्पताल रोड स्थित रिजवान टेंट हाउस में गुरुवार तड़के अचानक आग लग गई। इसमें लाखों रुपये का सामान जल गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।गुरुवार तड़के लगभग चार बजे रिजवान टेंट हाउस की दुकान में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना पड़ोसी संजीवनी पैथोलॉजी के मालिक ने फोन करके दी। इससे कुछ ही देर में टेंट मालिक रिजवान मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह जब तक मौके पर पहुंचे आग दुकान के अंदर फैल चुकी थी। उन्होंने शटर खोला तो आग की लपटों से दुकान के अंदर रखा सभी सामान जल रहा है। उन्होंने लोगों की मदद से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस में फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड यूनिट इंचार्ज मोहम्मद सगीर सुबह 5:30 बजे फायरमैन गुरप्रीत और कपिल चौधरी के साथ मौके पर पहुंच गए और आग बुझाना शुरू कर दिया। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दुकान स्वामी रिजवान अली ने बताया कि दुकान के अंदर लगी विद्युत एनसीबी गिराकर घर गए थे। आग कैसे लगी इसका अभी तक पता नहीं लग पा रहा है। प्रथम दृष्टया विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है। दुकान स्वामी ने बताया कि आग में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

- सुबह चार बजे हुआ हादसा पड़ोसी ने दी जानकारी
- दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर पाया काबू



टेंट हाउस का सामान जलने के बाद मौके पर पड़ी राख। ● अमृत विचार

**हादसा** | खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन, सवा तीन लाख के नुकसान का अनुमान

# एचटी लाइन का तार टूटने से तीन एकड़ गन्ने की फसल जली

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार में बीएसएनएल ऑफिस के समीप बृहस्पतिवार को एचडी लाइन का तार टूटकर खेत में गिरने से गन्ने की फसल में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने किसानों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। मगर तब तक खेत में खड़ी गन्ने की तीन एकड़ फसल जल गई। इसमें करीब सवा तीन लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

खुटार कस्बे के मोहल्ला नरायनपुर निवासी प्रशांत शुक्ला का घर के पड़ोस में खेत है। उनके खेत के ऊपर से होकर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जो काफी जर्जर हालत में पहुंच गई है। प्रशांत के अनुसार इन दिनों खेत में गन्ने की छिलाई चल रही थी। बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट होने से एचटी लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया। तार में निकली चिंगारियों से गन्ने की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर पहुंचे प्रशांत व आसपड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आग बुझाने को पेड़ो की टहनियों, पानी डालना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। इसके बाद नगर पंचायत से पानी का टैंकर भेजा गया। पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी गई। लेकिन आग की चपेट में आकर गन्ना जलकर राख हो गया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। प्रशांत शुक्ला के मुताबिक, सवा तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



गन्ने की फसल में आग लगने पर उठतीं लपटें। ● अमृत विचार



गन्ने के खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### जर्जर लाइन बदलवाने की कर चुके थे मांग

हाईटेंशन लाइन का तार काफी जर्जर हालत में है, जिसमें जगह-जगह जोड़ हैं। लोगों ने तार को बदलवाने के लिए विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### सवा घंटे बाद पहुंची दमकल टीम

गन्ने में आग लगने की सूचना पुलिस ने दी थी। करीब सवा घंटे गुजर जाने के बाद दमकल टीम पहुंची और आग बुझाई। किसान प्रशांत शुक्ला ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे आग लगी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन काबू नहीं पाया जा सका। आग की चपेट में गन्ना की फसल राख हो गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है। आग से भारी नुकसान पहुंचा है। किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### स्प्रे मशीन के बदले भेज दिया टैंकर

हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से खेत में खड़ी गन्ने की फसल बुझाने के मामले सूचना नगर पंचायत कार्यालय में दी गई। मगर आग पर काबू पाने के लिए स्प्रे मशीन नहीं भेजी गई। इसके बदले में पानी का टैंकर भेज दिया। जो आग बुझाने में कोई काम नहीं आ सका। जिससे लोगों ने रोष जताया है।

## एक नजर

### एमबीबीएस की परीक्षा 28 से होगी

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 28 फरवरी से 6 मार्च तक द्वितीय पाली में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

### पांच हजार बेरोजगारों को नौकरियां देने का लक्ष्य

बरेली। लोकसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर प्राइवेट सेक्टर में बेरोजगारों को नौकरियां देने की तैयारी शुरू हो गई है। सेवायोजन विभाग की ओर से 25 फरवरी को रुहेलखंड विश्व विद्यालय में बड़े स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। करीब पांच हजार बेरोजगारों को नौकरी देने का लक्ष्य है। सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में करीब 100 कंपनियों को प्रतिभाग करने के लिए बुलाने की तैयारी चल रही है। कंपनियों से संपर्क साधा जा रहा है। ईमेल और फोन कराए जा रहे हैं। रोजगार मेले में 10 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है। यह इस वर्ष का अब तक सबसे बड़ा रोजगार मेला होगा।

### उत्तरांचल संपर्क क्रांति निरस्त होने से यात्री परेशान

मुरादाबाद। दिन में दिल्ली तक की यात्री की प्रमुख उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के निरस्त होने से यात्रियों को दिक्कत हुई। यह ट्रेन यहां से लिंक होकर दिल्ली जाती है। रामनगर और काठगोदाम से आने वाली दो ट्रेनों को यहां जोड़ा जाता है। स्थानीय यात्रियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण इस ट्रेन के निरस्त होने के बाद दिल्ली रूट की बसों में अचानक भीड़ बढ़ गयी। सूत्रों का कहना है कि महीने भर से इस ट्रेन के साथ यही स्थिति बनी हुई है। लालकुआं से आनंद विहार को जोन वाली एक्सप्रेस भी निरस्त रही। लखनऊ से आनंद विहार के बीच चलने वाली डबल डेकर और जनसेवा एक्सप्रेस को परिचालन कारणों से रद किया गया है।

# पुराने बस अड्डे से चलेंगी ई-बसें रोडवेज बसें जाएंगी इज्जतनगर

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के पुराने बस अड्डे से रोडवेज बसों का संचालन बंद हो जाएगा। मुख्यालय की तरफ से रोडवेज को ई-बसें देने की योजना है। पुराने बस अड्डे से ई-बसों का संचालन कराने के साथ डिपो और चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इसको लेकर प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया गया है।

पुराने बस अड्डे से चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन इज्जतनगर में बन रहे नए बस अड्डे से कराने की बात कही जा रही है। सिटी बस सर्विस के लिए 100 और परिवहन निगम के लिए 50 ई-बसें मिलनी हैं। इनके संचालन की तैयारियां की जा रही हैं। परिवहन निगम के अधिकारियों ने झुमका चौराहा समेत अन्य स्थानों पर बस अड्डा बनाने के लिए जगह देखी थी। लेकिन अब शहर के पुराने बस अड्डे पर ही ई बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन, डिपो और बस अड्डा बनाने का निर्णय लिया गया है। इसका प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेज दिया गया है। मुख्यालय से अनुमति मिलने और इज्जतनगर में बस अड्डे का निर्माण पूरा हो जाने के बाद पुराने बस अड्डे से रोडवेज बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

**नेशनल फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में यूपी की टीम को गोल्ड दिलाने वाली इशिका का इरादा अब राष्ट्रीय टीम में खेलने का**

# वेरी-वेरी स्पेशल इशिका... आईक्यू 40... पदक 18

शब्या सिंह तोमर, बरेली



**अमृत विचार :** इशिका कोचर का आईक्यू स्तर 40 प्रतिशत है लेकिन हौसला इतना लाजवाब है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल, हैंडबॉल और फ्लोरबॉल प्रतियोगिताओं में अब तक 18 पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने यूपी की ओर से खेलते हुए दिल्ली में 25 से 30 जनवरी तक हुई स्पेशल बच्चों की नेशनल फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में टीम को गोल्ड मेडल दिलाया है। अब वह राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

सिर्फ इशिका नहीं, उनकी मां कमलजीत कौर का हौसला भी बेमिसाल है। कमलजीत के पति मनमीत सिंह की दस साल पहले ही मृत्यु हो चुकी है। तभी से इशिका और दूसरी बेटी साइना को कमलजीत अकेले संभाल रही हैं। सुभाषनगर में रहने वाली कमलजीत कौर पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही इशिका दूसरे बच्चों से अलग थी। वह काफी उत्तेजित रहती थी और उसे चोट का एहसास भी नहीं होता था। कितना खाना है, कैसे कपड़े कैसे पहनने हैं, इससे भी बेखबर रहती थी। कमलजीत कौर के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ इशिका की समझदारी भी नहीं बढ़ी। स्कूल भेजने के बाद वह दूसरे बच्चों के साथ तालमेल नहीं बना पाई। पढ़ने में बहुत ज्यादा समस्याएं आने लगीं। डॉक्टर की सलाह पर उसका आईक्यू टेस्ट कराया तो वह 40 प्रतिशत से भी कम निकला। उन्हें सौ फुटा रोड पर स्पेशल बच्चों को उनकी जरूरतों और टैलेंट के मुताबिक सिखाने वाली एक संस्था के बारे में पता चला तो उन्होंने इशिका को उसमें भर्ती करा दिया। इसके बाद इशिका में बदलाव आना शुरू हो गया। खेल और कला में उसका शुरू से से रुझान था, इस संस्था में उसकी इसी प्रतिभा को निखारा गया। अब 25 की हो चुकीं इशिका फ्लोर बॉल के अलावा वॉलीबाल और हैंडबॉल भी बहुत अच्छा खेलती हैं। अब तक जीते गए 18 पदक इशिका के हौसले की ही निशानी हैं। कमलजीत कौर बताती हैं कि इशिका अब राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

# पुलिस अभिरक्षा में गंभीर युवक की मौत तीन सिपाहियों पर हत्या का मुकदमा

## अमांपुर थाना परिसर में 9 फरवरी को हुई घटना में दर्ज एफआईआर हत्या में तरमीम की गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखकर प्रताड़ित करने और अमांपुर थाना परिसर के शौचालय में मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश करने में गंभीर हुए गौरव की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में तीन पुलिस कर्मियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा चलेगा।

बुधवार को गांव सुलहपुर के गौरव की मौत के बाद हालात बिगड़ते देख पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा में प्राणघातक कदम उठाने को लेकर तीन पुलिस कर्मियों को दोषी माना है। 9 फरवरी को थाने में हुई घटना के बाद किशोरी के पिता वीरपाल और अन्य रिश्तेदारों को नामजद करते हुए अज्ञात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने एवं मानवाधिकार के उल्लंघन में दर्ज कराई गई एफआईआर में तीनों पुलिस कर्मियों के नाम शामिल किए हैं।

मुकदमा हत्या की धारा 302 में तरमीम किया गया है। बुधवार देर रात आरक्षी सिपाही शिवम दुबे, अमांपुर थाने के हमराह संजीव बालियान और थाने के मुंशी सोनवीर पर हत्या का आरोप लगाया गया। पूर्व में दर्ज एफआईआर में इन्हें नामजद कर हत्या का आरोपी बनाया है। एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे जांच में जुटे हैं। केस की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इस प्रकरण में इंस्पेक्टर ओर दरोगा पहले ही निलंबित किए जा चुके हैं।

**▸▸ थाना परिसर के शौचालय में आत्महत्या की कोशिश करने वाले गौरव की बुधवार को हुई थी मौत**

### यह बनी सहमति

पीड़ित परिवार को ढाई बीघा जमीन, मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता, पुलिस की ओर से सहायता, संबंधित बीमा योजनाओं का लाभ, पुलिस कर्मियों और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिवार के सदस्य को नगर पंचायत में नौकरी का भरोसा दिया। अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा की मध्यस्तता रही। डीएम सुधा वर्मा ने पल-पल जानकारी ली। एडीएम राकेश पटेल के माध्यम से पीड़ित परिवार को तीन लाख रुपये का चेक दिया है। आउट सोर्सिंग के माध्यम से मृतक के भाई जय शिव को नौकरी देने का भरोसा दिया है। ढाई बीघा जमीन का पट्टा दिया जा रहा है।

### जमीन, मुआवजा और कार्रवाई के आश्वासन पर गौरव का अंतिम संस्कार

कासगंज। पुलिस हिरासत में आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की मौत के बाद अमांपुर थाने से लेकर गांव तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। बुधवार की रातभर जद्दोजहद होती रही। कई बार हालात बिगड़े थे ।हालांकि पुलिस की सूझबूझ काम आई। प्रशासनिक अधिकारी भी गंभीर दिखे। सत्ताधारी दल के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद जमीन, मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन मिला। उसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने सुलहपुर गांव के गौरव को हिरासत में लिया लेकिन दाखिल नहीं किया। 9 फरवरी को थाना परिसर में शौचालय में गौरव ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसके बाद उसे अलीगढ़ में भर्ती कराया। अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामला एक ही गांव और एक ही वर्ग से जुड़ा था, ऐसे में गांव में तनाव के हालात बन गए थे। जैसे ही युवक की मौत की खबर गांव में पहुंची तो माहौल बिगड़ता देख पुलिस अलर्ट हो गई। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। देर रात युवक का शव गांव सुलहपुर पहुंचा तो बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस बल तैनात था। एएसपी के नेतृत्व में पुलिस मोर्चा संभाले रही।

# पत्नी को तेजाब डालकर चेहरा जलाने की दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज होने से नाराज युवक ने पत्नी को तेजाब से चेहरा जलाने की धमकी दी है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला शाहजहांपुर के कुंवरगंज तिलहर निवासी मुस्कान गुप्ता ने बताया कि उनका विवाह महानगर कॉलोनी निवासी आदित्य गुप्ता उर्फ भरत के साथ हुआ था। दहेज उत्पीड़न पर उसने शाहजहांपुर में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 12 फरवरी को वह मां नीतू गुप्ता की दवाई लेने के लिए पीलीभीत रोड बरेली आई थीं। इसी बीच पति भरत गुप्ता आए और उनके साथ गाली-गलौज कर अभद्रता करने लगे। आरोप है कि इस दौरान भरत ने कहा कि अगर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा वापस नहीं लिया तो तेजाब डालकर उसका चेहरा जला देंगे। भीड़ जमा होने पर पति जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मिनी स्टेडियम का लोकार्पण व कई सड़कों का किया शिलान्यास



सिंगाही खुर्द संपूर्ण नगर के कार्यक्रम में बोलते केंद्रीय मंत्री। ● अमृत विचार

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने सिंगाही खुर्द ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह के साथ संयुक्त रूप से मिनी खेल मैदान का लोकार्पण किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिंगाही खुर्द भले ही ग्रामसभा हो, लेकिन इस ग्रामसभा में नगर पंचायत बनने की सारी खूबियां मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री के इस बयान से सिंगाही खुर्द के नगर पंचायत बनने की संभावनाओं को काफी बल मिला है। उन्होंने कमलापुरी में सड़क का लोकार्पण व सभा की। सम्पूर्णानगर कस्बे के दुर्गा मंदिर पर वाटर कूलर, भानपुरी कॉलोनी खजुरिया में सांसद निधि से बनी सड़क का भी लोकार्पण कर सभा की। इसके बाद वे भाजपा नेता विनीत मनार आदि के साथ कस्बे की चीनी मिल गेस्टहाउस पहुंचे। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गौरीफंटा पुलिस ने एसएसबी के साथ सीमा पर गश्त की तेज

पलिया कलां। नेपाल सीमा पर जारी तस्करी सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए गौरीफंटा कोतवाल अवधेश यादव ने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों सहित एसएसबी जवानों को साथ नेपाल सीमावर्ती इलाके में गश्त तेज कर दी है। संयुक्त बलों ने गौरीफंटा, कजरिया, वनकटी, सरिया पारा भूड़ा, नझोटा आदि के नेपाल सीमावर्ती स्थानों पर पहुंच कर वहां की स्थिति देखी और सीमा पर मौजूद व गुजर रहे लोगों से पूछताछ की। पुलिस और एसएसबी जवानों को देखकर बेमतलब इधर-उधर खड़े लोग किनारा करने लगे।

# सीलिंग की जमीन कब्जाने में फाइक एंक्लेव कॉलोनाइजर समेत सात पर रिपोर्ट

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास समेत आस-पास की सीलिंग की जमीन पर कब्जा करने और धोखाधड़ी कर खरीद-फरोख्त के आरोप में सदर तहसील के लेखपाल ने फाइक एंक्लेव के कॉलोनाइजर मोहम्मद आरिफ, बुडरो कालेज के अध्यक्ष ऋषि वानी, उपाध्यक्ष गुलवानी, पुष्पा वानी, मोहम्मद शरीफ, नेतराम, द्वारिका समेत कुछ अज्ञात के पर तहसीलदार के आदेश पर बारादरी थाने में रिपोर्ट कराई है।

करोड़ों की बेशकीमती सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर कॉलोनी, कालेज व आलीशान घर बना कर बेचने की शिकायत पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के आदेश पर राजस्व टीमों ने छानबीन की तो करीब दस बीघा सीलिंग की जमीन निकली। सीडीओ जग प्रवेश की जांच में भी सीलिंग की जमीन पर कब्जे की पुष्टि हुई। इसके बाद एडीएम सिटी सौरभ दुबे के नेतृत्व में टीमों ने जांच की। इसमें कई गाटा संख्या पर कब्जा निकला। इस मामले में तहसीलदार के आदेश पर लेखपाल जय नरायन की तहरीर पर गुरुवार को बारादरी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फाइक एंक्लेव और उसके पास जिन लोगों ने सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर खरीद-बिक्री कर निर्माण कराए हैं। उन सभी लोगों से सीलिंग की जमीन खाली कराई जाएगी।

### सरकारी जमीन के मालिक बनकर बेचते रहे

लेखपाल जय नरायन ने दर्ज कराए एफआईआर में बताया कि जगतपुर लाला बेगम में स्थित गाटा संख्या-367 रकबा 3589 .89 वर्गमीटर भूमि राजस्व अभिलेखों में सीलिंग में दर्ज है। बुखारपुरा निवासी आरिफ ने बुडरो स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष ऋषि वानी, उपाध्यक्ष गुलवानी निवासी सिविल लाइंस के पक्ष में स्वयं को स्वामी दर्शाते हुए बैनामा कर दिया। दूसरी तरफ स्थित गाटा संख्या-351 रकबा 468 .53 वर्गमीटर भूमि सीलिंग की होने के बाद भी उक्त जमीन आरिफ व शरीफ ने बेच दी। उस पर अनाधिकृत रूप से पक्का मकान व बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराया गया। नवादा शेखान स्थित गाटा संख्या-134 रकबा 2009 .27 वर्गमीटर भूमि राजस्व अभिलेखों में सीलिंग है। आरोपियों ने सीलिंग की भूमि का क्रय-विक्रय कर सरकारी भूमि को क्षति पहुंचाई, जिसमें अज्ञात व्यक्ति भी शामिल हैं।

### मोहम्मद आरिफ पर एक और रिपोर्ट

अतीक-अशरफ के साले सद्दाम के कथित पार्टनर मोहम्मद आरिफ पर हाल ही में दलित की जमीन पर कब्जा करने के मामले में बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसमें जांच के बाद एससी-एसटी एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई थीं। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा कि सदर तहसील के लेखपाल जय नरायन की ओर से सरकारी जमीन कब्जा करने समेत अन्य धाराओं में दूसरी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। आरोप है कि सभी ने 6067 .69 वर्ग मीटर सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर खरीद-फरोख्त की। रजिस्ट्री में सीलिंग की जमीन का जिक्र तक नहीं किया गया।

# साइकिल चलाते समय तालाब में गिरकर मदरसे के छात्र की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद में किसान इरफान का परिवार रहता है। उनका बेटा शाहनवाज (10) कई वर्षों से गांव पंजाब नगर में अपने मामा असलम के यहां रह रहा था। वह मदरसे का छात्र था। गुरुवार दोपहर ढाई बजे वह घर से बाहर साइकिल चलाने निकला था। जब गांव पंजाब नगर के बाहर तालाब के पास पहुंचा तो यहां वह साइकिल सहित तालाब में गिर गया। शाम पांच बजे तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसके मामा व अन्य लोगों ने उसकी तलाश की। इस दौरान उन्हें साइकिल तालाब में दिखी। उन्होंने ने उसे तालाब में तलाश किया तो उसका शव पानी पर उतराता मिला। उसे बाहर निकाला। सूचना के बाद पुलिस आ गई। सिविल लाइन प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि 10 वर्ष के बालक की मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

# गृहमंत्री बन बरखेड़ा के पूर्व विधायक से टिकट दिलाने के बहाने ठगी की कोशिश

बरेली कार्यालय

**▸▸ नवाबगंज थाना में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार**

**▸▸ व्हाट्सएप और ट्रूकालर पर लगाया था अमित शाह का फोटो**

**अमृत विचार :** नवाबगंज के एक ठग ने व्हाट्सएप और ट्रूकालर पर गृहमंत्री अमित शाह का नाम और फोटो लगाकर टिकट दिलाने के नाम पर ठगी की कोशिश की। उसने पीलीभीत के बरखेड़ा के पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत को भी फोन कर लाखों रुपये की मांग की। शिकायत के बाद क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने आरोपी समूहा गांव के रविंद्र कुमार और उसके साथी शाहिद खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया और शाहिद की तलाश कर रही है।

क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक गिरोह गृहमंत्री अमित शाह बनकर नेताओं को टिकट दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये मांगकर ठगी कर रहा है। मामले की जांच में सामने आया कि रविंद्र मौर्य ने 4 और 20 जनवरी को पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत को नौ बार फोन किया। फोन कर उसने खुद को गृहमंत्री बताकर टिकट दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बदले में उसने लाखों रुपये की मांग की। शक होने पर पूर्व विधायक ने पैसे देने से इन्कार कर दिया। वह अपने दोस्त के साथ मिलकर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को फोन कर चुका है।

**पुलिस जांच शुरू होते ही तोड़ा सिम :** पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जब उसे पता चला कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तो उसने सिम तोड़ कर फेंक दिया। जिस नंबर से पूर्व विधायक को फोन किया गया था, वह रविंद्र के गांव के रहने वाले हरीश की आईडी पर लिया गया था। पुलिस ने हरीश से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने 29 दिसंबर 2023 को खरीदा था, लेकिन थोड़ी देर बाद ही गांव के रविंद्र मौर्य व शाहिद ने उसे धमकाकर छीन लिया था।

> केंद्रीय गृहमंत्री बनकर नेताओं को टिकट दिलाने के नाम पर ठगी की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।
>
> -मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी देहात

### ट्रूकॉलर लिख कर आता था केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र सरकार

पुलिस के अनुसार जिस नंबर से केंद्रीय गृहमंत्री बनकर आरोपी ने पूर्व विधायक को कॉल कर टिकट दिलाने का आश्वासन दिया था। उस नंबर को ट्रूकॉलर पर केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र सरकार के नाम से सेव किया गया था। साथ ही व्हाट्सएप र अमित शाह की प्रोफाइल फोटो भी लगाई गई थी। पुलिस ने फोन बरामद कर लिया है।

# खेतों में बाघ के पगचिह्न मिलने से ग्रामीणों में दहशत

**रोशननगर, अमृत विचार:** महेशपुर वन रेंज के रोशननगर गांव दक्षिण कैमा और बंजारगंज जाने वाले कच्चे मार्ग पर सींचे हुए खेत मे बाघ के पंजे के निशान मिले हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। पगचिह्न देख चुके ग्रामीणों का मानना है कि बाघ किसी जानवर का पीछा करता हुआ निकला होगा। दो हफ्ते पहले बाघ ने रीपुसूदन अग्निहोत्री के खेत में एक बैल को निवाला बनाया था और गेंहू के खेत से घसीटकर गन्ने में ले गया था। तब से अक्सर बाघ वहीं पर देखा जा रहा है। इससे लोगों में दहशत है। इस मार्ग से कैमा, बंजारगंज, कौरेया लोहरना के बच्चे पढ़ने के लिए रोशननगर, ममरी, गोला जाते है। रोशननगर की बाजार, अस्पताल, बैंक अन्य कार्य के लिए इस मार्ग से निकलते हैं। बाघ की सूचना महेशपुर रेंज को दी गई है। फिर भी कोई वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा और न ही निगरानी कराई जा रही है, जिससे दहशत के माहौल में लोग जीवनयापन कर रहे हैं।

# सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपये ठगे

मुरादाबाद कार्यालय

**▸▸ मुकदमे के बाद समझौते में दिया 13 लाख का फर्जी चेक**

**अमृत विचार:** नौकरी लगाने के नाम पर 18 लाख हड़पने वाले आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों ने पीड़ित बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह से समझौता कर दो बार पांच लाख देकर 13 लाख का फर्जी चेक दिया था। पीड़ित ने एसएसपी के कार्यालय में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी।

बुधवार को बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी सिरवासु चांदपुर जिला संभल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के कार्यालय पहुंचा। जहां उसने आरोपी नासिर और हारुन निवासी आजाद नगर करूला के खिलाफ दी गई तहरीर पर मझोला थाना पुलिस द्वारा अभी तक कार्रवाई न करने की बात बताकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि आरोपी नासिर अहमद और हारुन ने आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपये लिए थे। उस समय पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी के खिलाफ थाना मझोला में मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, समझौता के बाद आरोपी ने पीड़ित को पहले दो लाख खाते में और तीन लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से रुपये देकर 13 लाख का चेक दिया था। भारतीय स्टेट बैंक में चेक लगाया तो पता चला खाते में पैसा ही नहीं है। आरोपी से खाते में पैसा न होने की बात की तो जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने 13 फरवरी को थाना मझोला पुलिस को धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मझोला थाना प्रभारी को तहरीर दी थी। जिसके बाद आरोपी ने हमला करने की नीयत से दो बार रास्ता रोका लेकिन,भीड़ होने के कारण आरोपी को भागना पड़ा।

# अनामित, अघोषित गन्ना प्रजातियों की न करें बुवाई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।



कोरैया गांव में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

**▸▸ कृषि वैज्ञानिक ने खेतों में जाकर किसानों को किया जागरूक**

**अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल क्षेत्र के गांवों में उप्र गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार गन्ना प्रजनक द्वारा किसानों को अनामित, अघोषित प्रजातियों का गन्ना न बोने की सलाह दी गई।

बजाज चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम तलफीपुर, कोरैया, सेखवापुर, परेली, भम्मापुर, महेशपुर, धौरहरा बुजुर्ग, हड़ेला, पचतौर, मुश्की, मुस्तफाबाद और वसलीपुर का भ्रमण कर क्षेत्र में गन्ने की प्रजातियों की जांच की गई। गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने खेतों पर कृषकों से वार्ता कर उनको गन्ना प्रजातियों की पहचान एवं लक्षण बताए गए। कृषकों को अनामित प्रजातियां एवं अस्वीकृत प्रजातियां न बोने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि कुछ प्रजातियां, जानकारी के अभाव में कृषक बाहरी क्षेत्र से लाकर बुआई कर लेते हैं तथा वह अपने अनुसार उनका नाम भी निर्धारित कर लेते हैं, यह गलत है। उप्र में स्वीकृत प्रजातियां, शोध केंद्र एवं गन्ना आयुक्त के निर्देशानुसार निर्गत की गई प्रजातियों की ही बुआई करने की सलाह दी गई।

ग्राम परेली में प्रधान बालगोविंद वर्मा की चौपाल पर हुई कृषक गोष्ठी में वैज्ञानिकों के साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने भी किसानों को उन्नतिशील प्रजातियों के बोने की सलाह दी। उन्होंने वसंतकालीन गन्ना बुवाई में भूमि उपचार, बीज उपचार, गन्ना प्रजातियों का चुनाव, गहरी जुताई से लाभ, ट्रेंच विधि से बुआई आदि पर विस्तार से चर्चा कर बताया कि अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें। उन्नतशील गन्ना प्रजाति को 0118, को. 15023, को. लख 14201, को. शा. 13235, को. शा. 17231 एवं को. 98014 की बुवाई कर पैदावार बढ़ायें। चीनी मिल द्वारा स्वस्थ एवं शुद्ध नर्सरी/प्रदर्शन खेत से को 0118, 15023 गन्ना बीज सुरक्षित किये गए हैं। उन खेतो से बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई।

### किसानों को बताए अच्छी उपज लेने के गुर

कुकरा। सिद्दीकी खाद भंडार पर हुई किसान गोष्ठी में कंपनी के अधिकारियों ने किसानों को अच्छी उपज लेने के लिए उत्तम क्वालिटी के कीटनाशकों और खादों का प्रयोग करने की सलाह दी। कस्बे के फर्टिलाइजर एजेंट सिद्दीकी खाद भंडार पर हुई गोष्ठी में दयाल फर्टिलाइजर प्रालि मेरठ के डॉ. भूदेव सिंह ने गन्ना बुवाई के समय प्रयोग होने वाले उत्पादों फजीकोरडरमा, फजीकोरसूडो, सुपर एक्शन फास्ट, सुपर एक्शन पोटाश, धरती गोल, गन्ना बलवान गोल्ड आदि उत्पादों की विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में ग्रन्ट नंबर तीन, जटपुरा, कुकरा, पहाड़पुर, सलेमपुर, सेनपुर, हिंदुस्तान फार्म, खंजनपुर सहित क्षेत्र के किसान हाजी रियासत अली, नियामत अली सिद्दीकी, पवन कुमार मिश्रा, अमरजीत सिंह, तरसेम सिंह, पूरन सिंह, कासिम अली, समसुल खान, फहीम खान, मोहम्मद यूनुस खान, यूनुस अंसारी, रामकुमार, रामपाल, इमामुद्दीन अंसारी, सिराज अहमद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद से रोजा के बीच तीसरी लाइन के लिए सर्वे पूरा

बरेली कार्यालय

**▸▸ तीसरी लाइन बनने से यात्री ट्रेनों का संचालन नहीं होगा प्रभावित**

**▸▸ मालगाड़ियों को आसानी से इस लाइन से क्रास कराया जा सकेगा**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद से रोजा के बीच तीसरी लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। तीसरी लाइन बनने से मालगाड़ियों को स्टेशन से निकालने के लिए यात्री ट्रेनों को नहीं रोकना पड़ेगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। उनके सफर में कोई रुकावट नहीं आएगी। अफसरों का दावा है कि जल्द तीसरी लाइन का काम शुरू हो जाएगा।

मुरादाबाद से रोजा के बीच करीब 180 किलोमीटर लंबा ट्रैक डबल लाइन है। समय बीतने के साथ इस रेल खंड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। जिसकी वजह से मुरादाबाद मंडल में दाखिल होते ही यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने लगता है। लिहाजा, दो साल पहले रेल प्रशासन ने इस रेलखंड पर एक लाइन और बढ़ाने का निर्णय लिया था। इस बीच तमाम टेक्निकल और ट्रैफिक सर्वे कराए जाते रहे। जिनको अब पूरा कर लिया गया है। मंडलीय अधिकारियों के अनुसार तीसरी लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के बनाई जा रही है। अलग फ्रेट कॉरिडोर होने से लंबी मालगाड़ियों के कारण यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हो पाएगा, किसी ट्रेन की क्रासिंग के लिए दूसरी ट्रेनों को नहीं रोकना पड़ेगा।

### सबसे पहले प्लेटफार्म बढ़ाने का काम होगा

मुरादाबाद-बरेली-रोजा रेलखंड के बीच छोटे बड़े स्टेशनों पर शुरुआती चरण में तीसरी लाइन डालने के लिए प्लेटफार्म बढ़ाने का काम शुरू किया जाएगा। इस क्रम में जंक्शन पर भी प्लेटफार्म बढ़ाने की तैयारी है। जिसका सर्वे पूरा हो चुका है। वहीं, नदी और नालों पर पुल और पुलियां बनाने काम रेलवे के निर्माण विभाग की निगरानी में किया जाएगा।

